सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

संदेश

'राष्ट्रीय वयोश्री योजना' के अंतर्गत जिला दिव्यांगता पुनर्वास केन्द्र, अहमदनगर द्वारा सहायता उपकरणों के वितरण कैंप के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई। डॉ. विट्ठलराव विखे पाटिल फाउंडेशन द्वारा संचालित और भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के साथ मिलकर जरूरतमंद वृद्ध लाभार्थियों के लिए किया जा रहा प्रयास सराहनीय है।

130 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से ऊर्जित देश 'सबका प्रयास' की भावना लिए सतत और समग्र विकास की ओर अग्रसर है। सभी कल्याणकारी योजनाओं की पहुँच और विकास का सीधा लाभ आज गांव, गरीब, वंचितों और जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है।

अपने अनुभव व परिश्रम से देश की प्रगति सुनिश्चित करने वाले वृद्धजनों के कल्याण के लिए हम लगातार कृत संकल्पित प्रयास कर रहे हैं। सर्वसमावेशी विकास के लक्ष्य के साथ दिव्यांगजन तथा वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण के लिए जारी विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, लोगों के जीवन को आसान बना रहा है।

आजादी का अमृत कालखण्ड, देश के विकास की दिशा में अपने प्रयासों को और तेज गति देने का है। डॉ. विट्ठलराव विखे पाटिल फाउंडेशन द्वारा इस दिशा में किए जा रहे कार्य उल्लेखनीय हैं।

जिला दिव्यांगता पुनर्वास केन्द्र, अहमदनगर द्वारा 'राष्ट्रीय वयोश्री योजना' के तहत सहायता उपकरणों के वितरण कैंप के आयोजन से जुड़े सभी लोगों को बधाई व भविष्य के प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
फाल्गुन 07, शक संवत् 1943
26 फरवरी, 2022